काढ़ागोला गंगा घाट पर काशी की तर्ज पर हुई भव्य गंगा महाआरती

●बनारस से आये आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गंगा आरती
● सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण का भी हुआ आयोजन

बरारी (कटिहार) आससे। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को बरारी प्रखंड के ऐतिहासिक काढ़ागोला घाट स्थित गंगा नदी के तट पर जिला प्रशासन की ओर से भव्य गंगा महाआरती एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान गंगा घाट का दृश्य भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा।गंगा आरती और दीपदान में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण काशी बनारस की तर्ज पर आयोजित भव्य गंगा महाआरती रही।बनारस से आए आचार्य राजमन पांडेय पंडित अतुल दुबे पंडित अनुराग एवं पंडित अमित ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ गंगा महाआरती संपन्न कराई।आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और



खुशहाली की कामना की।इसके बाद गंगा नदी के तट पर दीपदान किया गया।जिससे घाट का वातावरण अलौकिक और आकर्षक बन गया।गंगा उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने गंगा की महत्ता स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। आयोजन के दौरान उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों के बीच प्रशस्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।कार्यक्रम में कटिहार के जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी बरारी विधायक विजय सिंह निषाद, बरारी बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज अंचलाधिकारी मनीष कुमार डीएसपी सुनील कुमार शर्मा बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार अंचल आरओ आनंद कुमार कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम देव कुमार सीडीपीओ विभा कुमारी कार्यपालक पदाधिकारी शिवेशु कुमार शिवेश तथा पूर्व सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी जिला परिसद सदस्य गुणसागर पासवान संजय यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।गंगा महाआरती और दीपदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।आयोजन के माध्यम से गंगा नदी के प्रति आस्था के साथ-साथ उसकी स्वच्छता, निर्मलता और संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

फरक्का जल संधि संवाद बिहार के हितों का प्रयास

संजय झा बोले- नीतीश की इच्छाशक्ति से अपराध पर लगा है विराम

कटिहार। कटिहार में फरक्का जल संधि संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अपराध पर दिए बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इच्छाशक्ति और एनडीए सरकार की रणनीति से बिहार में संगठित अपराध पर रोक लगी है। मुख्यमंत्री के बयान को सही संदर्भ में देखा जाना चाहिए। संजय झा ने कहा कि एक दौर में बिहार में संगठित अपराध चरम पर था। अपहरण उद्योग बन गया था और लोग शाम के बाद घर से निकलने में डरते थे।नीतीश कुमार की इच्छाशक्ति से कानून का राज स्थापित हुआ। सम्राट चौधरी इसी उपलब्धि को जनता के सामने रखना चाहते थे।

संजय झा ने कहा कि आज बिहार में अपराध की घटनाएं होती हैं, लेकिन अपराधी 24 घंटे के अंदर जेल पहुंच जाते हैं। पहले की तरह अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलता। उन्होंने इसे नीतीश मॉडल और एनडीए सरकार की उपलब्धि बताया।फरक्का जल संधि पर संजय झा ने कहा कि यह बिहार के हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। केंद्र और बिहार दोनों जगह एनडीए की सरकार है, इसलिए बिहार को उसका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल बंटवारे में बिहार के किसानों और आम लोगों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। नीतीश कुमार ने हमेशा बिहार के हितों के लिए लड़ाई लड़ी है।

फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे जदयू नेताओं का भव्य स्वागत

कोढ़ा (कटिहार) आससे। फरक्का जल संधि को लेकर कटिहार में आयोजित नीतीश संवाद कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे जदयू के वरिष्ठ नेताओं का गेड़ाबाड़ी मुख्य बाजार स्थित चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने



भव्य स्वागत किया।इस दौरान जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं महादलित आयोग के अध्यक्ष मनोज ऋषि का कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। नेताओं के गेड़ाबाड़ी चौक पहुंचने पर स्थानीय जदयू कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जदयू कोढ़ा प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह कुशवाहा उर्फ बिट्टू सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद धीरज सिंह, नगर पंचायत कोढ़ा जदयू अध्यक्ष बादल मेहता, कोढ़ा प्रखंड महासचिव रविंद्र कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य नवीन राय, बिट्टू कुमार साह, दिवाकर सिंह, अमित कुमार, रंजीत रजक प्रखंड उपाध्यक्ष जदयू , मुन्ना सिंह,अरुण वर्मा एवं विशाल राय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

Email-ee.hajipur1.bcd@gmail.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक-2211(अनु0) दिनांक-23.10.2026 द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-10/2026-27, जिसका पी0आर0 संख्या-014349(BCD)2026-27,जो दिनांक-28.10.2026 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, को अपरिहार्य कारण रद्द किया जाता है।

(ई0 खुर्शीद अहमद खान)
कार्यपालक अभियंता,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

PR- 014728 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पीएम सूर्य घर योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित

बारसोई (कटिहार) आससे। घर की छत पर सोलर पैनल लगवाएं और बिजली बिल के बोझ से राहत पाएं, इसी संदेश के साथ बुधवार को बारसोई प्रखंड कार्यालय परिसर में विद्युत विभाग की ओर से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. कलाकारों ने अपने आकर्षक अभिनय और संवादों के माध्यम से आम लोगों को सौर ऊर्जा के महत्व तथा योजना के लाभों से अवगत कराया। नुक्कड़



नाटक के जरिए बताया गया कि घरों में सोलर पैनल लगवाने से बिजली खर्च में काफी कमी लाई जा सकती है. साथ ही सोलर सिस्टम लगाने की प्रक्रिया, सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी, बैंक से ऋण प्राप्त करने की सुविधा तथा योजना के लिए आवेदन करने के तरीके की भी जानकारी दी गई. कलाकारों ने सरल और रोचक अंदाज में लोगों को समझाया कि सौर ऊर्जा न केवल बिजली बिल में बचत का माध्यम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है.कार्यक्रम के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया. नुक्कड़ नाटक देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे रहे. लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति के माध्यम से योजना की बारीकियों को समझा और सोलर पैनल लगवाने से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता प्रशांत कुमार मंजू, विद्युत सहायक अभियंता मो. इमरान नजर, कनीय अभियंता राहुल पटेल सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. अधिकारियों ने भी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाएं और स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा को अपनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

दीपावली और लोक आस्था का महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा होगी बहाल : संजना

बनमनखी पूर्णिया आससे। बुधवार को नगर परिषद सभापति कार्यालय में सभापति संजना देवी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई. इस बैठक में दिवाली ,काली पूजा एवं छठ पर्व के दौरान शहर वासियों और श्रद्धालुओं को बेहतर नागरिक सुविधा होने के लिए कई निर्णय लिए गए .सफाई, प्रकाश व्यवस्था और जर्जर सड़कों की दुरुस्त किए करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। सभापति ने सफाई एजेंसी को नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. नगर परिषद क्षेत्र के जिन वार्डों में काली पूजा होती है वहां सुबह -शाम सफाई और प्रयाप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी।

नगर परिषद के सभी छठ घाटों की सफाई अतिरिक्त मजदूर लगाकर कराई जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को समय से पहले स्वच्छ और व्यवस्थित घाट उपलब्ध हो.घाटों तक पहुंचने वाले खराब रास्तों को युद्ध स्तर पर मोटरेबल बनाने और क्षतिग्रस्त सडकों को आवागमन योग्य करने का भी निर्णय हुआ। इससे व्रतियों और श्रद्धालुओं को आने -जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी.छठ घाटों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव



करने तथा नियमित फौगिग कराने पर सहमति बनी। घाटों पर गहरे पानी वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां बेरीकेटिंग भी की जाएगी ।दिवाली, काली पूजा और छठ के मद्देनजर प्रमुख चौक चौराहों सार्वजनिक स्थलों और सभी छठ घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी.नगर परिषद सभापति श्री संजना देवी ने कहा दिवाली और छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह स्वच्छता शुद्धता और प्रकृति के प्रति सम्मान के जीवंत प्रतीक है. इन पर्वो से पहले भी साफ सफाई हमारी संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा रही है. दिवाली और छठ पर्व हमें यह सीखते हैं कि स्वच्छता किसी एक दिन का काम नहीं बल्कि जीवन शैली होनी चाहिए ।पर्व त्योहारों के दौरान साफ सुथरा वातावरण, बेहतर रोशनी और शुगम आवागमन उपलब्ध कराना नगर परिषद की नैतिक जिम्मेवारी है।

गत बैठक की संपुष्टि की गई। बैठक के दौरान सभापति के द्वारा अभियंताओं को विशेष निर्देश दिए गए उन्होंने कहा काम में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उपसभापति प्रमिला देवी ,नगर कार्यपालक पदाधिकारी आदित्य कुमार, ममता देवी, प्रिया एवं सूरज मंडल मौजूद थे।

बिहार सरकार

समाहरणालय, सहरसा
(जिला योजना कार्यालय)

ई-मेल-dpo.saharsa-bih@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा (राज्यसभा) द्वारा सहरसा के **सौरबाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत चन्दौर पश्चिमी के समदा के वार्ड नं0 12 में माँ दुर्गा मंदिर के निकट हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन कार्य का अनुशंसा प्राप्त हुआ है।** प्राप्त अनुशंसा के आलोक में 16 मीटर उँचाई का विद्युत संचालित हाईमास्ट LED लाईट/(200Watt x 10 arms) का हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन करने हेतु संबंधित ख्याति प्राप्त फर्मों/विक्रेताओं/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद लिफाफा में अलग-अलग निविदा दिनांक **02.12.2026** को **01:00 बजे अपराह्न** तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को अध्यक्ष जिला क्रय समिति -सह- उप विकास आयुक्त, सहरसा के समक्ष उनके कार्यालय वेश्म में दिनांक **02.12.2026** को **04:00 बजे अपराह्न** में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। क्रय की जानेवाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, सहरसा से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है, अथवा जिला के बेबसाईट www.saharsa.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR- 014779 (Planning) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

उप विकास आयुक्त,
सहरसा।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना

अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0-62 वर्ष 2026-27

निम्नलिखित कार्य हेतु समान प्राकृति के कार्यो का पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता/अधिकृत एजेंसी/संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक-07.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना का कार्यालय होगा।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेंगे। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

क्र0म0सं0	कार्य का नाम
1.	SITC of UPS for Central Hall Extension Building, Bihar Vidhan Sabha & Bihar Vidhan Parishad at Vidhan Mandal Patna.

PR- 014810 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना।

केशव संयुक्त विद्यार्थी शाखा का वार्षिकोत्सव संपन्न

शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश

किशनगंज (आससे)। हरिजन टोला खिखीर वस्ती, मझिया में केशव संयुक्त विद्यार्थी शाखा का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शाखा की कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह सुखदेव जी ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण की नींव व्यक्ति निर्माण में निहित है। शाखा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ उसमें अनुशासन, संस्कार, संगठन एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने परम पूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और उनके राष्ट्र समर्पण पर प्रकाश डालते हुए संघ की कार्यपद्धति एवं शाखा के महत्व को विस्तार से समझाया।

उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज के बीच विशेष रूप से पांच परिवर्तनकारी विषयों को लेकर कार्य करने का आह्वान किया। इनमें परिवार एवं कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और स्व का बोध एवं स्वदेशी विचार प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन विषयों को व्यवहार में उतारकर ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन और



सशक्त राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि केशव संयुक्त विद्यार्थी शाखा की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई थी। शाखा के 14 वर्ष पूरे होने पर अब प्रत्येक वर्ष वार्षिकोत्सव आयोजित करने का सामूहिक निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रामानंदी संप्रदाय के जीवक्षदास जी का स्नेह एवं आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। वार्षिकोत्सव में सूर्य नमस्कार, विभिन्न आसन, नियुद्ध, पद विन्यास, व्यायाम योग, समता प्रदर्शन एवं सामूहिक खेलों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अपनी शारीरिक दक्षता और अनुशासन का प्रदर्शन किया। वहीं सामूहिक गीतों ने कार्यक्रम में उत्साह और संगठनात्मक एकात्मता का भाव भर दिया। कार्यक्रम में केले के पत्तों पर प्रसाद वितरण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं पारंपरिक जीवनशैली का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर जिला संपर्क प्रमुख लक्ष्मी नारायण शर्मा, मुख्य शिक्षक सचिन मुखिया, शाखा कार्यवाह दुखन जी, गणशिक्षक अनिल ऋषि सहित संजीत ऋषि, अजय ऋषि, टार्जन ऋषि, बाबूलाल ऋषि, सदानंद ऋषि एवं बड़ी संख्या में सक्रिय स्वयंसेवक उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव का समापन राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण और संगठनात्मक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे पूर्व विधायक

बनमनखी पूर्णिया आससे। पूर्व विधायक सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कांग्रेस देवनारायण रजक ने जानकीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत रामपुरतिलक पंचायत के सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर स्वर्गीय हरिप्रसाद भगत के निधन की खबर सुनते ही उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात किया.तथा इस दु:ख की घड़ी में धैर्य रखने की सलाह दिया. पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी देवनारायण रजक ने कहा कि हरि प्रसाद भगत हमारे एक अभिभावक स्वरूप थे.वह काफी मिलनसार और गरीबों के रहनूमा थे.इस मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर भगत, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार राय, प्रतिष्ठित व्यवसायी नवरत्न सुराणा, विकास सुराणा, परमानंद चौधरी,प्रो.प्रेमकुमार जयसवाल, पूरणमल सुराणा, बिमल दास, आकाश वर्मा, उज्जवल सुराणा, बैधनाथ चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



बिहार सरकार

समाहरणालय, बाँका
(जिला योजना कार्यालय)

निविदा आमंत्रण सूचना सं0-10/2026-27

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री जयन्त राज, माननीय स0वि0स0 अमरपुर द्वारा 18वी विधान सभा अन्तर्गत अपने विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुमान्यता राशि के आलोक में बांका जिला के प्रखण्ड अमरपुर के कुल बारह(12) विद्यालयों में प्रति विद्यालय दस बुकशेल्फ (अलमारी) का क्रय व अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा प्राप्त हुआ है। प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा अनुसंशित कुल-12(बारह) विद्यालयों में से कुल 11(ग्यारह) विद्यालयों का सरकारी विद्यालय होने संबंधी प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। उक्त के आलोक में बुकशेल्फ(अलमारी) की क्रय एवं अधिश्ठापन हेतु अनुशंसा पत्र के साथ संलग्न सामग्रियों की सूची (विशिष्टियों के अनुरुप) के अनुसार निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं/विक्रेताओं/फर्मो से द्वि-लिफाफा प्रणाली अन्तर्गत मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। पहला लिफाफा तकनीकी बिड एवं दुसरा लिफाफा वित्तीय बिड का होगा। लिफाफों पर तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड लिखना अनिवार्य होगा। दोनों सीलबन्द लिफाफों को एक अन्य सीलबन्द लिफाफे के अन्दर रखा जायेगा। सभी लिफाफों पर निविदादाताओं को अपने प्रतिष्ठान का नाम अंकित करना होगा। लिफाफा बिल्कुल सीलबन्द होना अनिवार्य है।

निविदा को **दिनांक- 19.11.2026 के 01 बजे अपर्राह्न** तक जिला योजना कार्यालय, बाँका में जमा किया जाना है। प्राप्त **निविदा को उक्त तिथि को 03:30 बजे अपर्राह्न** में उप विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष जिला क्रय समिति, बाँका के कार्यालय कक्ष में निर्णय हेतु गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि क्रय समिति की बैठक में भाग ले सकते हैं। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्ते बाँका जिले के वेबसाईट https://banka.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी शंका समाधान हेतु कार्यालय अवधि के दौरान जिला योजना कार्यालय, बाँका से सम्पर्क किया जा सकता है।

➢**माननीय स0वि0स0 से प्राप्त अनुशंसा के अनुरूप क्रय एवं अधिष्ठापन की जानेवाली बुकशेल्फ (अलमारी) की विस्तृत विवरणी संलग्न है।**


➢**निविदादाता निविदा शर्तों के क्रमानुसार दस्तावेज संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।**

PR- 014780 (PLANNING) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

उप विकास आयुक्त,
बाँका।

मोहनपुर में सहयोग शिविर आयोजित

मनसाही (कटिहार) आससे। प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन मोहनपुर में सहयोग शिविर आयोजित की गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी उपस्थित हुए कहा कि आम लोग जिनका जिन भी विभाग में कार्य हो आवेदन करें उनका निदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि शशि कुमार मंडल, पंचायत सचिव प्रीतम कुमार यादव, किसान सलाहकार अनिल कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक दीक्षा कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार शर्मा, विकास मित्र प्रमोद ऋषि, कचहरी सचिव मोहम्मद जलाल, आवास सहायक राकेश कुमार वर्णवाल, पेंशन के मनोज कुमार, सहित विभिन्न विभाग के कर्मी उपस्थित थे।




पुलिस दीदी ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कुरसेला (कटिहार) आससे। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को कुरसेला थाना की एसआई प्रीति कुमारी ने 'पुलिस दीदी' पहल के तहत विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया।इस दौरान उन्होंने सम्पत राज देवी कन्या उच्च विद्यालय, अयोध्या प्रसाद उच्च विद्यालय और कन्या उच्च विद्यालय नवाबगंज सहित अन्य विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का मना जन्मदिन

मनसाही (कटिहार) आससे। लोजपा (रा) के जिलाध्यक्ष संगीता देवी एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सलीम साहिल के निर्देशानुसार मनसाही में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के



जिलाध्यक्ष मो0 रफीक आलम की अगुवाई में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन पार्टी कार्यालय मनसाही में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो0 रफीक आलम ने बताया कि लोजपा (रा) सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का 44 वा जन्मदिन केक काटकर धूमधाम के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री का उम्र दीर्घायु हो उनकी लंबी कामना करते हैं। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो. रफीक आलम, प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी मुनीम खान, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार जायसवाल, किसान प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष किशोर कुमार झा उर्फ विक्की झा, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वहाब कार्यकर्ताओं में मो. जाहिर, मो. माले कुस्तूर उर्फ लाबु आमीन, संजीत साह, दिलीप पासवान, ओम प्रकाश सिंह, मो. मोफ़्लि,मो. अकरम, निरंजन कुमार यादव, मो मंसूर, धर्मेंद्र यादव, मो. आजाद, विक्रम साह, बिट्टू साह, सिवकेश वर्मा, पिंकू यादव, आदि उपस्थित थे।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — गुरुवार, 5 नवंबर 2026

मेष-	आर्थिकपक्ष बेहतर, आय के नवीन स्त्रोत, व्यापार में विस्तार, कठिनाइयों का निराकरण।
वृषभ-	आज दिन 9/35 बजे तक परेशानी तदुपरान्त आर्थिक प्रगति, सद्विचारों का उदय, धनलाभ।
मिथुन-	आज दिन 9/35 बजे तक वांछित प्रगति, परिजनों का सहयोग तदनन्तर आर्थिक हानि।
कर्क-	समय शुभ, विवाद हल, कर्ज की निवृत्ति, लाभ का सुयोग, परिवार में खुशी का माहौल।
सिंह-	बुद्धि का विकास, आर्थिक सफलता, जिम्मेदारी हेतु व्यय, धन की प्राप्ति, प्रसन्नता।
कन्या-	आज दिन 9/35 बजे तक व्यय की अधिकता, एकाग्रता का अभाव तत्पश्चात् आर्थिक उन्नति।
तुला-	आज दिन 9/35 बजे तक अभीष्ट सिद्धि तदुपरान्त मानसिक तनाव, प्रतिष्ठा में कमी, व्यर्थ भ्रमण।
वृश्चिक-	लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख सुलभ, इच्छित पद की प्राप्ति, अभिलाषा की पूर्ति।
धनु-	व्यवसायिक उन्नति, पुरुषार्थ में रुचि, राजनैतिक कृत्यों में रुचि, संत समागम से खुशी।
मकर-	आज दिन 9/35 बजे तक जीवनसाथी से तनाव, विवाद सभव तदनन्तर धनागम से मन प्रसन्न।
कुम्भ-	आज दिन 9/35 बजे तक नवसमाचार से खुशी, यात्रा सुखद तत्पश्चात् योजना अधूरी, धनहानि।
मीन-	विशिष्टजनों से सम्पर्क, मसला हल, मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ, हर्ष।

आज है जिनका जन्मदिन — 5 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 5 का स्वामी ग्रह बुध एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। विश्वसनीय और निष्ठावान व्यक्ति होंगे। लगातार कार्य करते रहना पसन्द करेंगे। किसी के अधीन रहकर कार्य नहीं करना चाहेंगे। कठिनाइयों के समय भी आत्मविश्वास कायम रख सकेंगे। आपमें साधारण विश्लेषणात्मक क्षमता होगी। किसी भी समस्या पर तुरन्त निर्णय लेने में सक्षम होंगे। कुछ जल्दबाजी प्रवृत्ति के होंगे।जिससे नुकसान सम्भव होगा। उद्देश्य की पूर्ति हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। स्वार्थगुण आपमें विशेष रूप से विद्यमान रहेगी। साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रख सकेंगे। आपके जीवन में आधुनिकता का समावेश रहेगा। आत्मिक शांति हेतु जीवन में कई बार परिवर्तन करेंगे। कला-संगीत प्रेम होंगे। इष्ट देवी-देवता की आराधना पूजा-पाठ नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंग की वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बुधवार के दिन हरे रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें। गाय को मीठी रोटी नियमित रूप से खिलावें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ बुं बुधाय नमः
व्रत : बुधवार
दिन : रविवार, गुरुवार एवं शनिवार
दिनांक : 5, 14, 23
अंक : 4, 6, 8
मास : जनवरी, नवम्बर एवं दिसम्बर
वर्ष : 5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68
रंग : सफेद एवं हरा
जन्मरत्न : पन्ना
उपरत्न : एक्वामैरीन
जड़ी : विधारा की जड़
दिशा : उत्तर

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 नवम्बर से 20 नवम्बर, 21 नवम्बर से 20 नवम्बर

यन्त्र

9	4	11
10	8	6
5	12	7

सुडोकू ५००५

				6				8
4	2						1	
		9			1			3
	1		2					
			7		4			
						4	2	
5								
3				9				

तरीका खेलने का : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। आप नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक खाने में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देखें।

हल: ५००४ सुडोकू

9	4	1	7	5	8	6	3	2
6	3	7	1	9	2	5	8	4
2	5	8	3	6	4	7	9	1
3	8	4	6	1	9	2	5	7
7	2	6	5	8	3	4	1	9
1	9	5	4	2	7	8	6	3
4	7	9	8	3	5	1	2	6
8	6	2	9	7	1	3	4	5
5	1	3	2	4	6	9	7	8